भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4261

उत्तर देने की तारीख 29 मार्च, 2022

8 चैत्र, 1944 (शक)

खेल विद्यालयों की स्थापना

4261. श्री डी.के. सुरेश:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश के प्रत्येक जिले में खेल विद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अब तक स्थापित ऐसे विद्यालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार को कर्नाटक सहित देश के विभिन्न राज्यों से ऐसे विद्यालय स्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, देश में खेल विद्यालय स्थापित करने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की होती है । केंद्र सरकार इस संबंध में उनके प्रयासों की पूर्ति करती है । देश के प्रत्येक जिले में खेल विद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है । तथापि, इस मंत्रालय ने खेलो इंडिया स्कीम के तहत 09 विद्यालयों और 28 सेना बाल खेल कंपनियों को राज्य स्तरीय खेलो इंडिया केंद्र के रूप में अपनाया है और 10 विद्यालयों को भारतीय खेल प्राधिकरण की राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता स्कीम के तहत शामिल किया गया है । इसके अलावा, यह सूचित किया जाता है कि राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर कर्नाटक राज्य में 27 खेल अकादमियों सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत 247 खेल अकादमियों को मान्यता प्रदान की गई है ।

****